प्रैसनोट

कार्यालय महानिदेशक,भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, मुख्यालय जयपुर

एसीबी ने सहायक अभियंता को 1 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुऐ गिरफ्तार किया

रामनिवास मंडा,नंदकिशोर एवं बीरबल डूडी कनिष्ठ अभियंता हुए फरार

जयपुर,23 सितंबर 2019। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) मुख्यालय एवं जालौर एसीबी टीम ने सोमवार को संयुक्त कार्रवाई करते हुए सहायक अभियंता, कार्यालय उपखंड द्वितीय खंड द्वितीय नर्मदा नहर परियोजना(जल संसाधन विभाग) सांचौर,जिला जालौर में पदस्थापित सहायक अभियंता जगदीश प्रसाद वर्मा को 1 लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया एवं कनिष्ठ अभियंता रामनिवास मंडा कनिष्ठ अभियंता नंदकिशोर एवं कनिष्ठ अभियंता बीरबल डूडी हुए फरार जिनकी एसीबी तलाश कर रही है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो महानिरीक्षक श्री दिनेश एमएन ने बताया कि परिवादी ने एसीबी में शिकायत देकर बताया कि नर्मदा नहर परियोजना कार्यालय सांचौर में सिविल वर्क का वर्क आर्डर मिला था। वर्क आर्डर के किए गए काम के पेटे जिसके रुके हुए फाइनल बिल की राशि 1.5 करोड रुपए एवं अमानत राशि के भुगतान करने एवं टाइम लिमिट बढ़ाने की एवज में सहायक अभियंता जगदीश प्रसाद वर्मा मुझसे 5.80 लाख रुपए रिश्वत की राशि की मांग कर रहा है जिसमें 2 लाख रुपए पूर्व में ले चुके हैं एवं कनिष्ठ अभियंता रामनिवास मंडा 15 लाख रुपए की रिश्वत की राशि की मांग कर रहे हैं जिसमें 13 लाख रुपए ले चुके हैं एवं 2 लाख रुपए और मांग रहे। कनिष्ठ अभियंता बीरबल डूडी 3 लाख रुपए की रिश्वत की राशि की मांग करे एवं कनिष्ठ अभियंता नंदकिशोर 1 लाख रुपए रिश्वत की मांग कर रहे हैं।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो महानिरीक्षक श्री दिनेश एमएन के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयपुर शहर प्रथम श्री आलोक शर्मा एवं उप अधीक्षक पुलिस जालौर श्री नीरज गुरनानी के नेतृत्व में उक्त मांग का सत्यापन करवा कर आज ट्रैप कार्रवाई करते हुए सहायक अभियंता जगदीश प्रसाद वर्मा को 1 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया एवं सहायक अभियंता जगदीश प्रसाद की गिरफ्तार करने की सूचना मिलते ही तीनों कनिष्ठ अभियंताओं फरार हो गए जिनकी एसीबी तलाश कर रही है एवं अग्रिम कार्रवाई जारी है